आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 18.04.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।
- प्रदेश में कल गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत होगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से चारधाम जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा– श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा, सरकार का संकल्प है।
- मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए दो प्रतिशत मंहगाई भत्ता और मंहगाई राहत बढ़ोतरी को मंज़ूरी दी।

....

प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह संबोधन संविधान संशोधन विधेयक के एक दिन बाद हो रहा है। यह विधेयक महिलाओं के लिए आरक्षण से जुड़ा था, लेकिन लोकसभा में इसे पारित कराने के लिए ज़रूरी दो–तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया, क्योंकि विपक्षी दलों ने इसका समर्थन नहीं किया। महिलाओं के लिए आरक्षण को परिसीमन के ज़रिए लागू करने से जुड़ा यह प्रस्तावित कानून, लंबी बहस के बाद भी पारित नहीं हो सका।

गंगोत्री/यमुनोत्री

उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के लिए खोले जा रहे हैं। इसके साथ ही चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। वहीं, आज मां गंगा की उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा से विधिवत पूजा–अर्चना के बाद गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु, पुजारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पांच मंदिर समिति, गंगोत्री धाम के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल ने बताया कि उत्सव डोली भैरव मंदिर, भैरवघाटी में रात्रि विश्राम करेगी। कल भैरोंघाटी से डोली–यात्रा गंगोत्री धाम के लिए रवाना होगी और अपराह्न 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

यमुनोत्री धाम के कपाट भी कल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। शासन–प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

चारधाम/मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश से चारधाम जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए स्थापित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए श्रद्धालुओं का उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा, सरकार का संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से धार्मिक स्थलों और यात्रा मार्ग में विशेष स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह भी किया।

आकाशवाणी **/सजीव प्रसारण**

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम से कपाट खुलने का सीधा आंखों–देखा हाल कल आकाशवाणी देहरादून से सुना जा सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आकाशवाणी देहरादून को कपाट खुलने का सीधा प्रसारण करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे देश–दुनिया के श्रद्धालु, पवित्र धामों के कपाट खुलने का आध्यात्मिक और आत्मिक दर्शन अनुभव कर पाएंगे।

पर्यटन मंत्री

पर्यटन और लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा मार्ग की सभी सड़कों की स्थिति का आंकलन करने के साथ ही सभी 13 वैकल्पिक मार्गों को तैयार रखने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर पडने वाले स्थायी और अस्थायी शौचालयों में साफ–सफाई के उचित प्रबंधन करने तथा श्रद्धालुओं के लिए सभी पैट्रोल पम्पों व होटलों में निःशुल्क शौचालय व पानी की पर्याप्त उपलब्धता के भी निर्देश दिए। श्री महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महंगाई भत्ता

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी है। यह इस वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगी। यह मूल वेतन या पेंशन के मौजूदा 58 प्रतिशत की दर से दो प्रतिशत अधिक है, ताकि मूल्य वृद्धि की भरपाई की जा सके। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को ये जानकारी देते हुए बताया कि महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर कुल प्रभाव प्रति वर्ष छह हजार 791 करोड़ रुपये से अधिक होगा। उन्होंने कहा कि इससे 50 लाख से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

जिलाधिकारी निरीक्षण

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने आज धारचूला क्षेत्र के छारछुम स्थित भारत–नेपाल मैत्री पुल का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े इस महत्वपूर्ण पुल पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ करने और आम नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि पुल का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और शेष कार्य मई माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

भाहद उत्पादन

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि उत्तराखण्ड में नौ हजार से अधिक किसान व्यवसायिक रूप से मधुमक्खी पालन कर रहे हैं, जिससे लगभग 3 हजार 300 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी उत्पादन से किसान अपने आय को बढ़ा सकते हैं और यह उन किसानों के लिए अत्यधिक लाभदायक है, जिनके पास भूमि उपलब्ध नहीं है। श्री जोशी आज ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय दोगुनी हो और इस दिशा में शहद उत्पादन से जुड़कर किसान अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।